# नहीं चाहिए दिल दुखाना किसी का | By Ashok Shauq |

नहीं चाहिए दिल दुखाना किसी का
सदा न रहा है, सदा न रहेगा ज़माना किसी का

बुलाएगा मालिक तो जाना पड़ेगा
शरम ये सिर भी झुकाना पड़ेगा

चलेगा न कोई बहाना किसी का
नहीं चाहिए दिल दुखाना किसी का

शोहरत तुम्हारी बह जाएगी ये
दौलत यहीं पर रह जाएगी ये

नहीं साथ जाता खज़ाना किसी का
नहीं चाहिए दिल दुखाना किसी का

सुख और दुख में शुकर करना सीखें
अपनी कमाई में गुज़र करना सीखें

ना सीखें कभी हक दबाना किसी का
नहीं चाहिए दिल दुखाना किसी का

एक दूसरे की न पगड़ी उछाले
अपनी कमी को 'शौक' हम निकाले

सुनाएं न हरदम फ़साना किसी का
नहीं चाहिए दिल दुखाना किसी का

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%b9%e0%a4%bf%e0%a4%8f-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%bf%e0%a4%b8/